Total Pages : 8

LN-53

B.A. (Part-II) Examination, 2023

(New)

HINDI LITERATURE

[Paper : First]

(अर्वाचीन हिंदी काव्य)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

निर्देशः सभी प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए -

(क) विद्या मधुर सहकार करती सर्वथा कटु निम्ब को,
विद्या ग्रहण करती कलों से शब्द को प्रतिबिम्ब को।
विद्या जड़ों में भी सहज ही डालती चैतन्य है,

हीरा बनाती कोयले को, धन्य ! विद्या धन्य है।

(ख) चढ़ रही थी धूप;
गर्मियों के दिन
दिवा का तमतमाता रूप;
उठी झुलसाती हुई लू,
रूई ज्यों जलती हुई भू,
गर्द चिनगीं छा गयी,
प्रायः हुई दुपहर :-
वह तोड़ती पत्थर।

(ग) हम सागर के धवल हास हैं
जल के धूम, गगन की धूल,
अनिल फेन ऊषा के पल्लव,
वारि वसन, वसुधा के मूल;
नभ में अवनि, अवनि में अंबर
सलिल भस्म, मारुत के फूल,
हम ही जल में थल, थल में जल,
दिन में तम, पावक के तूल।

(घ) हिलोरें लेता भीषण सिंधु, पोत पर नाविक है तैयार,
घूमती जाती है पतवार, काटती जाती पारावार।
पुत्र-पुत्री हैं? जीवित जोश और सब कुछ सहने की शक्ति।

सिद्धि? पद पद्मों में स्वातन्त्र्य-सुधा-धारा बहने की शक्ति।

(ङ) डाली से विलगा न सकी।
जो कली खिलेगी जहाँ, खिली,
जो फल जहाँ है,
जो भी सुख
जिस भी डाली पर
हुआ पल्लवित, पुलकित,
मैं उसे वहीं पर
अक्षत, अनाघ्रात, अस्पृष्ट, अनाविल
हे महाबुद्ध !
अर्पित करती हूँ तुझे।

2. "मैथिलीशरण गुप्त राष्ट्रीय जागरण और सुधार को काव्य के माध्यम से जन-जन का मंत्र बनाने वाले अग्रणी कवि हैं।" सिद्ध कीजिए।

अथवा

छायावाद की विशेषताएं बताते हुए निराला जी के काव्य की समीक्षा कीजिए।

3. सुमित्रानंदन पंत की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

"अज्ञेय ने संवेदना एवं शिल्प दोनों ही स्तरों पर हिंदी कविता की नई जमीन तलाशने का कार्य किया है।" अज्ञेय की कविताओं के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए।

4. किन्हीं **तीन** लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) माखनलाल चतुर्वेदी की काव्य साधना पर निबंध लिखिए ।

(ख) हरिऔध जी की भाषा-शैली का वर्णन कीजिए।

(ग) सुभद्रा कुमारी चौहान की राष्ट्रीय भावना पर लेख लिखिए।

(घ) श्रीकांत वर्मा का साहित्यिक परिचय लिखिए।

(ङ) 'राजे ने अपनी रखवाली की' की समीक्षा कीजिए।

5. निम्नलिखित में से **किन्हीं** पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) 'दूर्वांचल' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ख) 'मायादर्पण' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ग) निराला किस युग के कवि थे?

(घ) 'उलाहना' कविता में किस पर व्यंग्य है?

(ङ) 'सांझ और ढोलक की थापें' कविता किसने लिखी है?

(च) 'लोकायतन' के रचनाकार कौन हैं?

(छ) अज्ञेय की किन्हीं दो कृतियों के नाम लिखिए।

(ज) माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(झ) छायावादी कवियों के नाम लिखिए।

(ञ) प्रगतिवाद का आरंभ किस सन् से होता है?

(ट) 'भग्नदूत' किसकी रचना है?

(ठ) 'उधार' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ड) 'अज्ञेय' के पहले काव्य संग्रह का नाम बताइये।

(ढ) माखनलाल चतुर्वेदी ने किन पत्रों का संपादन किया था?

(ण) 'चिरगांव' में किस कवि का जन्म हुआ था?

(त) 'नहुष' किसका खंडकाव्य है?

(थ) 'अज्ञेय' का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

---- x ----